तापमान
अधिकतम 37 डिग्री
न्यूनतम 27 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 20 जून 2024
[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

2 सिकलसेल उन्मूलन के लिए जागरूकता रथ



## खबर संक्षेप



### नपा शिवपुर चरचा से 10 तीर्थयात्री हुए रवाना

**चरचा कॉलरी।** श्रीरामलला दर्शन योजना के तहत नगर पालिका शिवपुर चरचा से 10 तीर्थयात्री रवाना हुए। विशेष ट्रेन संख्या 08851 से दोपहर 12:30 बजे अयोध्या धाम के लिए रवाना हुई। विदित हो कि इन तीर्थ यात्रियों को बीते मार्च महीने में जाना था लेकिन आर्दश आचार संहिता कि वजह से रद्द हो गया था। नगर पालिका शिवपुर चरचा से 10 लोग श्रीरामलला दर्शन के लिए प्रातः 7:00 बजे कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे, यहां मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित सहायक ग्रेड 2 शशि भूषण श्रीवास्तव,आर.के सिंह, राजकिशोर सिंह, अंकित अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### पोल क्षतिग्रस्त बंद रही विद्युत



**बैकुण्ठपुर।** बुधवार को दोपहर के समय स्थानीय मिशन कॉलोनी मार्ग पर एक बस की जद में आने से विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो गया, इसके बाद क्षेत्र की बिजली गुल हो गई। जानकारी के अनुसार खुटहनपारा क्षेत्र से एक बस मुख्य मार्ग की ओर आ रही थी, इसी दौरान एक मोड़ के पास बस की जद में विद्युत पोल के आने से पोल क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना में घंटों क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित रही। घटना की जानकारी विद्युत विभाग को दे दी गई,लेकिन कई घंटों तक सुधार कार्य नहीं हो पाया था, इधर विद्युत आपूर्ति बाधित होने से लोगों को उमस भरी गर्मी से परेशान होना पड़ा।

### दिल्ली पब्लिक स्कूल बना एनईटी का परीक्षा केन्द्र



**मनेन्द्रगढ़।** क्षेत्र का सुप्रसिद्ध दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल पुनः एक बार राष्टीय स्तर की मुख्य बड़ी परीक्षाओं में से एक राष्टीय परीक्षा एजेंसी तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एनटीए एवं यूजीसी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित राष्टीय पात्रता परीक्षा (एनईटी) का परीक्षा केन्द्र बना है। राष्टीय स्तर की यह परीक्षा देशभर में 18 जून मंगलवार को आयोजित की गई। सुचारू ढंग से बिना किसी बाधा के परीक्षा का आयोजन हो सके, इस तैयारी के लिए एनटीए के जिला समन्वयक, केन्द्र अधीक्षक तथा डीडब्ल्यूपीएस के प्रचार्य डॉ. बसंत कुमार तिवारी द्वारा परीक्षा से ठीक एक दिन पहले वीक्षकों के लिए एक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया।

# लाखों की लागत से बनी पानी टंकी किसी काम की नहीं

## 33 करोड़ के जलावर्धन योजना के तहत हुआ था निर्माण कार्य, वर्तमान में नपा से कट गए हैं वार्ड, अब ग्रापं दुबारा करा रही पानी टंकी निर्माण और पाइप लाइन विस्तार, शासन के रुपए की हो रही बर्बादी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कलेक्टर कार्यालय के समीप छिन्दडॉड़ में लोगों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए लाखों खर्च कर दिए, इसके बाद भी छिन्दडांड़ क्षेत्र के लोगों को पेयजल के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है।

सरकारी रूपए का किस तरह से दुरूपयोग किया जाता है, यहां की हालात देखकर समझा जा सकता है। यहां पेयजल के नाम पर लाखों रूपए शासन के खर्च कर दिए गए हैं, लेकिन पेयजल सुविधा अब तक उपलब्ध नहीं हो पाई है। यहां एक नहीं दो-दो योजनाओं के तहत लाखों रूपए पानी के लिए पानी में बहा दिए गए हैं, फिर भी लोगों की प्यास ठीक से नहीं बुझ रही है। लोगों को प्रतिदिन पेयजल के लिए परेशान होना पड़ रहा है। गौरतलब है कि छिन्दडॉड़ में ही हाउसिंग बोर्ड की कॉलोनी भी बनी हुई। इसमें करीब 52 परिवार के लोग निवास करते हैं, इसके अलावा काफी संख्या में निजी घर के लोग निवासरत हैं। देखने के लिए तो छिन्दडॉड़ में लाखों रूपए का वृहद पानी टंकी बनी हुई है, लेकिन नियमों के चक्कर में उलझने के कारण पानी टंकी सूखी पड़ी हुई है। यहां लाखों खर्च करने के बाद भी नव निर्मित पानी टंकी सूखी पड़ी है। जिम्मेदारों के द्वारा ध्यान नहीं दिए जाने के कारण ही यहां एक योजना सफल नहीं हो पाई और दूसरी योजना से राशि खर्च कर पेयजल पहुंचाने की कवायद की जा रही है, वह भी अब तक आधा-अधूरा है, इसके कारण छिन्दडॉड़ क्षेत्र के लोगों को एवं हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के लोगों को पेयजल सही तरीके से नहीं मिल पा रहा है। वर्षभर इस क्षेत्र के लोगों को पेयजल ⏭ शेष पेज 2 पर



जलावर्धन योजना से बनी पानी टंकी।



नगर पालिका और ग्राम पंचायत से बिछाए गए पाइप लाइन।



ग्राम पंचायत द्वारा फिर से बनाया जा रहा पानी टंकी।

### दो योजनाओं में लाखों फूंके फिर भी सूखा

छिन्दडॉड़ में आवर्द्धन योजना के तहत बनी टंकी के निर्माण में लाखों फूंक दिए, इसके बाद भी अब तक टंकी सूखी पड़ी हुई है। जानकारी के अनुसार जब ग्राम छिन्दडॉड़ को नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर में शामिल किया गया था, इसी दौरान नगर पालिका बैकुंठपुर के द्वारा वर्ष 2017-18 में 33 करोड़ रूपए जल आवर्द्धन योजना के लिए राशि स्वीकृत हुई, इससे छिन्दडॉड़ ⏭ शेष पेज 4 पर

### एक बोरिंग के सहारे 52 परिवार

छिन्दडॉड़ में वैसे तो बड़ी आबादी रहती है, लेकिन यहां बने हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में 52 परिवार के लोग रहते हैं, जिन्हें एक बोर के भरोसे ही पेयजल सप्लाई होती है, इसके कारण यहां के निवासियों को पेयजल की समस्या गर्मी ,बरसात सभी मौसम में बनी रहती है। इस दिशा में अब तक कोई ठोस पहल नहीं हो पाई है।



घरों के सामने ग्राम पंचायत द्वारा दिए गए कनेक्शन।



छिन्दडांड़ में हाउसिंग बोर्ड की कालोनी।

### शासन के रूपए बर्बाद न हो

इस ग्राम पंचायत के निवासी कुबेर साहू समेत अन्य कई लोगों ने कहा कि छिन्दडॉड में पहले से बने पानी टंकी और पाइप लाइन विस्तार को ग्राम पंचायत को हैंडओव्हर कर उसी टंकी से पेयजल सप्लाई किया जा सकता था, दूसरी योजना से राशि खर्च करने की जरूरत नहीं थी ,यह शासन के रूपए की बर्बादी है। दूसरी योजना से कार्य कराने का कोई औचित्य भी नहीं था। इस गंभीर मामले में शासन-प्रशासन को विशेष ध्यान दिए जाने की जरुरत है, ताकि यहां निवासरत लोगों को पानी के लिए परेशान नहीं होना पड़े।

### नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी



इस मामले में संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर वास्तविक स्थिति दिखवाता हूं। पहले नगर पालिका बैकुंठपुर क्षेत्र में होने के कारण जलावर्धन योजना से पानी टंकी और पाइन लाइन विस्तार हुआ था, वर्तमान समय में ग्राम पंचायत में उसका उपयोग हो सके, इसके लिए नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

-विनय कुमार लंगेह
कलेक्टर कोरिया





ग्राम पंचायत का अधूरा निर्माण कार्य।

### नपा व ग्राम पंचायत के कारण फंसा पेंच

जानकारी के अनुसार ग्राम छिन्दडांड़ जो कि तलवापारा पंचायत के अंतर्गत आता है। पूर्व में बैकुंठपुर शहरी क्षेत्र से लगे ग्राम पंचायतों को शामिल कर नगर पालिका बैकुंठपुर बनाया। इसी दौरान पूर्व नपाध्यक्ष अशोक जायसवाल के द्वारा आगामी कई वर्षो की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए जल आवर्द्धन योजना के तहत 33 करोड़ रूपए की स्वीकृति मिली, जिससे कि शहरी क्षेत्र में पेयजल की व्यवस्था कराई जाए। इसी योजना के तहत छिन्दडॉड़ में भी पेयजल उपलब्ध कराने के लिए विशाल पानी टंकी बनाई गई और मोटे पाइप लाइन का विस्तार किया गया। योजना के तहत पूरा हो पाता, इसके पहले ही नगर पालिका बैकुंठपुर से जुड़े ग्राम पंचायतों को फिर से अलग कर पंचायत बना दिया गया। इसके बाद से उक्त योजना के तहत कार्य आधा -अधूरा ही रह गया। इसके बाद ग्राम पंचायत ने जल आवर्द्धन योजना के तहत छिन्दडॉड़ में बनी टंकी में पानी भरे जाने एवं सप्लाई किए जाने की कोशिश नहीं की, बल्कि ग्राम पंचायतों में चल रहे जल जीवन मिशन के तहत पुनः दूसरी नई टंकी निर्माण कार्य शुरू किया और पाइप लाइन का विस्तार भी अलग से किया जाने लगा। जानकारी के अनुसार हाउसिंग बोर्ड कालोनी के समीप नई टंकी निर्माण कार्य शुरू किया गया और पतली पाइप लाइन का विस्तार कराया गया, साथ ही नल के स्टैंड भी लगाए गए हैं, जिसका लगभग 80 प्रतिशत काम पूरा हो पाया है, जबकि यह कार्य मार्च तक पूरा हो जाना था। जानकारी के अनुसार निर्माण कार्य से संबंधी सूचना पटल भी नहीं लगाया गया है। इस तरह नगर पालिका एवं ग्राम पंचायत के कारण छिन्दडॉड़ में किसी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। लोगों को पेयजल के लिए परेशान होना पड़ रहा हैं।

## पीएमश्री स्कूल में शाला प्रबंधन समिति की बैठक



**चरचा कॉलरी।** राज्य शासन के आदेशानुसार पीएम श्री चरचा में शाला प्रबंधन समिति एवं विकास समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रधान पाठिका श्रीमती सीमा मिश्रा के नेतृत्व में पालको को कस्बों, मोहल्लों, घर परिवार में 5-6 वर्ष के बीच के बच्चों को कक्षा पहली में दाखिला कराने के लिए अपील किया गया। उन्होंने बताया कि पीएम श्री चरचा शासकीय स्कूल होते हुए भी सभी प्रकार की सुविधाओं से युक्त है।

- बच्चों को कक्षा पहली में दाखिला कराने की अपील
- पीएमश्री चरचा स्कूल में सभी प्रकार की सुविधाएं

शाला में जल प्रवाहित शौचालय, वाशबेसिन, सुगंधित फूल-पौधों से सजा प्रांगण, हैंडवाश डिजिटल क्लासेस, म्यूजिक क्लासेस, ड्रेस कोड, योगा एवं खेल शिक्षण के साथ-साथ समर कैम्प, हेल्थ कैम्प,शैक्षणिक भ्रमण, इंटर हॉउस क्वीज आदि सुविधाओं से युक्त है। बैठक का मुख्य उद्देश्य शाला खुलने से पूर्व रसोइयों को निर्देशित कर किचन शेड की सफाई, आवश्यकतानुसार रंगाई-पोताई तथा सफाई कर्मचारी को मैदान, क्लास रूम एवं शौचालय की सफाई के निर्देश दिया गया। शाला प्रवेशोत्सव की तैयारी मुख्य रूप से न्योता भोजन की, जिसे शाला प्रबंधन समिति ने अपने ओर से मध्यान्ह ⏭ शेष पेज 2 पर

## 27 हजार 702 किसानों के खातों में आए 5 करोड़ से ज्यादा



**बैकुण्ठपुर।** देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 18 जून को उत्तरप्रदेश राज्य के वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर देश के 9.26 करोड़ किसानों के खातों में किसान सम्मान निधि योजना की 17 वीं किस्त 20 हजार करोड़ रूपए की राशि डीबीटी के माध्यम से जारी किया गया। इसके अंतर्गत कोरिया जिले के कुल 27 हजार 702 किसानों के खातों में 5 करोड़ 67 लाख रूपए की राशि डीबीटी के माध्यम से जारी किया गया।

- पीएम किसान सम्मान निधि की 17 वीं किस्त जारी, कृषि विज्ञान केन्द्र सलका में वर्चुवल आयोजन

कोरिया जिले में प्रधानमंत्री किसान उत्सव का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र सलका में किया गया। उक्त कार्यक्रम का प्रसारण वेबकास्ट के माध्यम से किया गया। विदित हो कि योजना की शुरूआत 24 फरवरी 2019 को हुई थी। इसके तहत केन्द्र सरकार की तरफ से देश के पात्र किसानों को 2000-2000 रूपए की 3 समान किस्तों में सालभर में 6000 रूपए उनके खाते में डाले जाते हैं। देश के किसानों की आर्थिक मदद लिए किसान सम्मान निधि योजना चलाई जा रही है। कार्यक्रम में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष ⏭ शेष पेज 2 पर


## पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

NSDC पैरामेडिकल संस्थान रायपुर (छ.ग.). NSDC-SID केन्द्र क्रमांक - TC210200

निम्न तालिका अनुसार छ. ग. के विभिन्न जिलों में कक्षा 12वीं (बायोलॉजी) के प्राप्तांकों के अनुसार संस्था द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रम (2024-25) में प्रवेश, नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (मिनिस्ट्री ऑफ स्किल डेवलपमेंट, भारत सरकार का उपक्रम) हेतु आवेदन आमंत्रित।

(उपलब्ध एवं प्रस्तावित प्रशिक्षण केंद्र एवं काउंसिलिंग सेंटर एवं कुल सीटें)

| प्रशिक्षण केंद्र एवं काउंसिलिंग सेंटर का नाम | मेडिकल लैब टेक्नीशियन | ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन | इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन (EMT) | बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (MPHW) |
|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| बिलासपुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| मुंगेली | 60 | 60 | 30 | 30 |
| जांजगीर-चांपा | 60 | 60 | 30 | 30 |
| कोरबा | 60 | 60 | 30 | 30 |
| रायगढ़ | 60 | 60 | 30 | 30 |
| अम्बिकापुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| जशपुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| कबीरधाम /कवर्धा | 60 | 60 | 30 | 30 |
| महासमुंद | 60 | 60 | 30 | 30 |
| बेमेतरा | 60 | 60 | 30 | 30 |
| राजनांदगांव | 60 | 60 | 30 | 30 |

आवेदन हेतु 12वीं कक्षा (बायोलॉजी) से न्यूनतम प्रतिशत अनु. जाति हेतु 45%, अनु. जनजाति 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 50%, सामान्य वर्ग 55% या अधिक विकलांग सैनिक / स्व. संग्राम सेनानी वर्ग के उम्मीदवारों हेतु निर्धारित सीटें आरक्षित है।

नोट :-
1. आवेदक, निम्न दिए गए आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट भरें। साथ ही 25 रूपए का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे में अपना स्वयं का पता स्पष्ट लिखकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजें। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक एक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. जो विद्यार्थी सत्र 2024 में 12वीं उत्तीर्ण किए हैं वह विद्यार्थी इन्टरनेट कम्प्यूटर प्रिंट कराकर छायाप्रति संलग्न कर सकता है।
3. चयनित उम्मीदवारों को फोन अथवा कॉल लेटर द्वारा काउंसिलिंग हेतु सूचित किया जाएगा।
4. केवल आवेदक ही काउंसिलिंग हेतु पात्र होंगे।
5. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।

आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि: 20/07/2024 तक
कार्यालय का पता :- NSDC पैरामेडिकल संस्थान, महादेव घाट रोड, (रायपुरा) रायपुर (छ.ग.) पिन - 492013

प्रति,
संचालक
NSDC पैरामेडिकल संस्थान
महादेव घाट रोड, (रायपुरा) रायपुर (छ.ग.) पिन - 492013

पासपोर्ट साइज फोटो

महोदय,
............(पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूं।
1. आवेदक का नाम............
2. पिता/पति का नाम............
3. जन्म तिथि अंकों में............
4. अनु. जाति/ अनु. जनजाति / पिछड़ा वर्ग............
5. पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित............
1. मो............2. मो............व्हाट्सएप नंबर............
6. शैक्षणिक योग्यता............

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |
| 3 | | | | | |

कार्यालय संचालक, NSDC पैरामेडिकल संस्थान रायपुर (छ.ग.)







## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विधायक होंगी मुख्य अतिथि

**मनेन्द्रगढ़।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को देश-विदेश के साथ ही छग के सभी जिलों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ में पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री एवं भरतपुर-सोनहत विधायक श्रीमती रेणुका सिंह जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगी। विधायक श्रीमती सिंह के साथ जिले के जनप्रतिनिधि, अफसर व जिलेवासी योग करते हुए नजर आएंगे। योग दिवस कार्यक्रम के मद्देनजर जिला प्रशासन तैयारियों में जुटा है। विधायक श्रीमती सिंह ने जिलेवासियों से 21 जून के दिन के साथ ही रोजाना योग को अपने दिनचर्या में अपनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने योग दिवस की शुरूआत की है। हमारा उद्देश्य योग को बढ़ावा देना है। यह तब होगा जब घर घर योग की अलख जगे। तभी हमारा जीवन स्वस्थ और बेहतर बनेगा।



उन्होंने कहा कि इस दफा योग दिवस में महिला सशक्तिकरण जोड़ा गया है, इसके पीछे उद्देश्य है कि मातृशक्ति की इसमें भागेदारी बढ़े क्योंकि महिला योग सीखेगी और स्वस्थ्य रहेंगी तो हमारा परिवार बढ़िया चलेगा, परिवार में बच्चे योग अपनाएंगे और संस्कारित भी होंगे। उन्होंने योग दिवस पर सभी से शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमारी परंपरा ⏭ शेष पेज 2 पर

## खबर संक्षेप



### फर्नीचर व्यावसायी के यहां छापा, कार्रवाई जारी

**मनेन्द्रगढ़।** वन विभाग के द्वारा फर्नीचर व्यवसायी के यहां संयुक्त रूप से छापा मारा गया। उजियारपुर के फर्नीचर व्यवसायी के यहां छापा पड़ा है। यहां काफी संख्या में ईमारती लकड़ी जब्त की गई है। इस दौरान वन परिक्षेत्राधिकारी सहित मनेन्द्रगढ़ रेंज के अधिकारी भी मौके पर मौजूद हैं। लकड़ियों की गिनती की जा रही है। पूरे मामले में वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

### जनकपुर भेजे गए डीपीएम

**बैकुण्ठपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एमसीबी द्वारा सुलेमान खान विकासखंड़ कार्यक्रम प्रबंधक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनेन्द्रगढ़ को अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जनकपुर में कार्य संपादित करने के लिए आदेशित किया है।

### लक्ष्य को टुकड़ों में विभाजित कर में करें दक्षता विकसित

**रामानुजनगर।** विकासखंड रामानुजनगर में एफएलएन प्रशिक्षण का द्वितीय चरण आज सम्पन्न हुआ। जोन क्रमांक 3 शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित प्रशिक्षण के समापन सत्र पर सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार साहू ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से छात्रों में गणितीय और भाषाई कौशल के विकास करें। प्रशिक्षण में जो सीखा है उसे ईमानदारी पूर्वक स्कूल में लागू करें, जिससे प्रशिक्षण की सार्थकता सिद्ध होगी। उन्होंने बताया कि प्राथमिक शाला एवं पूर्व प्राथमिक शाला के 3 से 8 आयु वर्ग के छात्रों को एफएलएन अर्थात फंडामेंटल लिटरेसी और न्यूमरेसी प्रशिक्षण के माध्यम से छोटे-छोटे गणितीय अवधारणाएं, भाषाई विकास के सोपान को बेहतर गति से सीखने का साधन उपलब्ध शिक्षक कराते हैं। 26 सप्ताह में बच्चे लक्षित बिंदुओं को सीख लेते हैं। जादुई पिटारा ऐप के माध्यम से बच्चों को कहानी, कविता, नाटक, गणितीय संक्रियाएं, भाषा की दक्षता इत्यादि सिखाई जाती है और बच्चे बड़े रोचक ढंग से सीखते हैं। रामानुजनगर को 3 जोन में 1 देवनगर, 2 परशुरामपुर और जोन 3 रामानुजनगर में बांटा गया है। प्रति जोन 60-60 प्राथमिक शिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहे है। तीसरा चरण 19 तारीख से शुरू होगा। मास्टर ट्रेनर रवि शंकर साहू, राघवेंद्र दुबे, श्रीमती सुषमा रजवाडे, श्रीमती गुड्डी राही, निरंजन सिंह, मोहर साय शास्त्री, संजय दुबे, श्रीमती सुनीता तिग्गा, राजेश्वर साहू द्वारा किया जा रहा है।

### केंद्र के समान मिले महंगाई भत्ता

**बिश्रामपुर।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने केंद्र के समान महंगाई भत्ता देने की मांग छत्तीसगढ़ सरकार से की है। प्रदेश में डबल इंजन की सरकार होने के बाद भी भेदभाव उचित नहीं है। एसोसिएशन के प्रदेश महामंत्री रंजय सिंह ने बताया कि राज्य प्रशासनिक अधिकारियों का महंगाई भत्ता सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 10 जून को 4 प्रतिशत बढ़ाकर केंद्र के समान 50 प्रतिशत कर दिया गया है, यह महंगाई भत्ता जनवरी 24 से देय है। केंद्र सरकार द्वारा अपने कर्मचारियों को जनवरी से महंगाई भत्ता 50 प्रतिशत की दर से भुगतान किया जा रहा है, परंतु राज्य शासन के कर्मचारियों को लोक सभा चुनाव के पूर्व लंबित 8 प्रतिशत में से मात्र 4 प्रतिशत ही मार्च 24 में प्रदाय किया गया है, वह भी घोषित तिथि से दिया गया है। पिछले नौ माह का एरियर्स भुगतान नहीं किया गया जिससे राज्य के कर्मचारियों को अत्यधिक आर्थिक नुकसान हुआ है। देय तिथि से महंगाई भत्ता नहीं देने व एरियर्स प्रावधान नहीं करने का क्रम 2019 से लगातार चल रहा है, जिससे राज्य के कर्मचारियों को बहुत नुकसान हुआ है। संघ ने प्रदेश सरकार से केंद्र के समान 50 प्रतिशत महंगाई भत्ता जल्द जनवरी से प्रदाय करने की मांग की है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष भूपेश सिंह ने बताया कि वर्तमान सरकार द्वारा गारंटी में शामिल होने के बाद भी अभी तक महंगाई भत्ता नहीं मिलना समझ से परे है।

## जिला चिकित्सालय में हुआ कार्यक्रम, रोग से बचने दी गई जानकारी

# सिकलसेल उन्मूलन के लिए जागरूकता रथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

विश्व सिकल सेल दिवस पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी, जनपद पंचायत बैकुंठपुर की अध्यक्ष श्रीमती सौभाग्यवती कुसरो की उपस्थिति में बुधवार को जिला चिकित्सालय में सिकल सेल की स्क्रीनिंग एवं जागरूकता के लिए जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जिला स्वास्थ्य समिति, महिला एवं बाल विकास और आदिवासी विकास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

विश्व सिकलसेल दिवस के अवसर पर कलेक्टर श्री लंगेह ने बताया कि यह अभियान 19 जून से 3 जुलाई तक चलेगा। उन्होंने जिले में सिकल सेल कार्यक्रम से जुड़े अधिकारी-कर्मचारियों को अधिक से अधिक लोगों का स्क्रीनिंग किए जाने के लिए इसकी प्लानिंग बनाकर कार्य करने एवं शत-प्रतिशत उपलब्धि पूर्ण करने को कहा। सिकल सेल कार्यक्रम द्वारा जागरूकता लाने के लिए



हरीझंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना करते कलेक्टर व अन्य।

प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री प्रयासरत है।

स्वास्थ्य विभाग और आदिवासी विभाग मिलकर काम करेंगे तभी 2047 तक यह अभियान पूरा होगा। विश्व सिकल सेल दिवस पर लोगों को बताया गया कि हीमोग्लोबिन हमारे शरीर में सभी कोशिकाओं तक पर्याप्त ऑक्सीजन पहुंचाने का काम करता है, लेकिन सिकल रोग में यह काम बाधित हो जाता है। यह एक अनुवांशिक रोग है। सिकल सेल रोग का सबसे आम लक्षण है, हड्डियों, मांसपेशियों, पेट या पीठ में अचानक तेज दर्द महसूस होना। लोगों को अकसर थकान और कमजोरी महसूस होना। सिकलसेल रोग रेड ब्लड सेल्स को नष्ट कर देता है, जिससे एनीमिया रोग होता है, इससे पीड़ति व्यक्ति को त्वचा में पीलापन, सांस लेने में तकलीफ और चक्कर आने की समस्या हो सकती है। यदि उक्त लक्षण है तो नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रों में निःशुल्क जांच कराएं, इसके साथ ही पानी अधिक मात्रा में पिए, दैनिक आहार की आदतों में संशोधन करें, शांत चित रहे एवं आराम करें, अत्यधिक तापमान से बचे, नियमित रूप से खेल खेलें, संक्रमण से बचें, नियमित जांच कराएं, नियमित योग करें, विवाह पूर्व सिकल सेल जांच कराएं, अधिक मात्रा में फाइबर एवं रेशेदार आहार लें। तेल और वसायुक्त मसालेदार खाद्य पदार्थों से परहेज करें। अधिक प्रोटीन वाले आहार ले एवं एंटीऑक्सीडेंट युक्त आहार चुने। इस अवसर पर हितग्राहियों को सिकल सेल पहचान कार्ड वितरित किया। इस पहचान पत्र से उन्हें सिकल सेल रोग का समुचित इलाज और विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलेगा। कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधियों ने सिकल सेल रोग के पहचान, निदान एवं रोकथाम के लिए जन जागरूकता वाहन को हरीझंडी दिखाकर जिला चिकित्सालय परिसर से रवाना किया। कार्यक्रम में गणमान्य नागरिक केबी जायसवाल, शैलेश शिवहरे, भानूपाल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आरएस सेंगर, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्रीमती उषा लकड़ा, सिविल सर्जन डॉ. राजेन्द्र बंसरिया, जिला सिकल सेल के नोडल अधिकारी डॉ.अभिषेक गढेवाल, महिला एवं बाल विकास तथा आदिवासी विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



अयोध्या के लिए रवाना होने के दौरान उपस्थित कलेक्टर समेत अन्य ।

# रामलला दर्शन के लिए 102 श्रद्धालु हुए रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में श्रीरामलला दर्शन योजना के लिए छग से अयोध्या तक आस्था स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है।

- आचार संहिता खत्म होने के बाद योजना का क्रियान्वयन शुरु

जिले के 102 श्रद्धालुओं को कलेक्टर कोरिया विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती वंदना राजवाड़े, जनपद पचायत अध्यक्ष बैकुंठपुर श्रीमती सौभाग्यवती कुसरो, गणमान्य नागरिक केबी जायसवाल, शैलेश शिवहरे, सुभाष साहू ने तीर्थयात्रियों को पुष्प भेंट कर मंगलमय यात्री की शुभकानाएं दी एवं हरीझंड़ी दिखाकर अंबिकापुर के लिए रवाना किया। दर्शनार्थी अंबिकापुर रेल्वे स्टेशन से आस्था स्पेशल विशेष ट्रेन से दोपहर 12 बजे अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए।

श्रीरामलला दर्शन के लिए जिले के विकासखंड़ बैकुंठपुर ग्रामीण से 50 एवं सोनहत से 22, नगरपालिका बैकुंठपुर से 17, चरचा से 10 एवं 3 अनुरक्षक अधिकारी भेजे गए हैं। विदित हो कि श्री रामलला दर्शन योजना के तहत श्रद्धालुओं को पूरा पैकेज मिलेगा। इसमे छग से अयोध्या जाने, वहां रहने की व्यवस्था, मंदिर दर्शन, नाश्ते और खाने की भी व्यवस्था रहेगी। इस ट्रेन में टूर एस्कॉर्ट, सुरक्षा कर्मी और चिकित्सकों का दल भी मौजूद रहेगा।

# पहाड़ी पर हरियाली लाने विभाग विकसित कर रहा नगरवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

महामाया पहाड़ी पर आकार ले रहे नगर वन में आगामी महीने से शहर वासियों को सैर करने का मौका मिलेगा। नगर वन में सुबह-शाम पैदल सैर करने के साथ ही शहर के कोलाहल एवं रोज-रोज के भागदौड़

**खास बातें**

- सुबह-शाम घूमने की उपलब्ध होगी सुविधा
- प्रकृति के बीच शहरवासी बिता सकेंगे सुकून के क्षण

से परेशान लोगों को परिवार के साथ प्राकृतिक वातावरण में सुकून के पल गुजारने का भी अवसर मिलेगा। नगर वन में ऐसी सुविधाएं विकसित की जा रही है कि हर तबके का व्यक्ति इसकी ओर आकर्षित हो तथा हरियाली बढ़ाने की लगातार कोशिशे करें। शहर के आसपास के वनों का तेजी से क्षरण हो रहा है। अवैध अतिक्रमण बढ़ने के कारण अब वनभूमि भी सुरक्षित नहीं है।

महामाया पहाड़ पर लगातार बढ़ते अवैध अतिक्रमण के साथ ही नंगे हो चुके पहाड़ पर पिछले कुछ वर्षों से हरियाली लाने की कोशिशें की जा रही है। वन विभाग के साथ ही सामाजिक संगठन भी महामाया पहाड़ पर लगातार पौधरोपण कर रहे हैं लेकिन सफलता नहीं मिल पा रही है। वन विभाग ने इसके लिए पहाड़ी पर शहरवासियों की आवाजाही बढ़ाने के उद्देश्य से 50 हेक्टेयर क्षेत्र में आकर्षक नगर वन विकसित कर रहा है। नगर वन में लुप्त हो रहे कुल्लु, शीशम सहित साल, सागौन, बड़ा पीपल आदि का रोपण करने के साथ ही एक पार्क विकसित किया जा रहा है। पार्क में विभिन्न 12 राशियों के अनुकूल अलग-अलग प्रजाति के पौधों का दिशा अनुसार रोपण किया गया है। इसे अलग विकसित कर राशि वाटिका नाम दिया गया है।

वन में रंग-बिरंगे फूल व सजावटी पौधे लगाए गए हैं। जगह-जगह आकर्षक पगोड़े बनाए गए हैं तथा लोगों के परिवार सहित बैठने की व्यवस्था की गई है। नगर वन तक पहुंचने के लिए 300 मीटर पक्की सड़क बनाई गई है। पार्क के पास ही अलग-अलग स्थानों पर दो तालाब भी बनाए गए हैं जहां वर्षा जल का संग्रहण किया जाएगा। कोई भी व्यक्ति अनाधिकृत प्रवेश न कर सके इसलिए चारों तरफ कंटीले तारों का घेरा तैयार किया गया है। अच्छी वर्षा होने पर वन में चयनित प्रजातियों के पौधों का रोपण किया जाएगा।

शहरवासियों की सुविधा के लिए विभाग रात्रि 8 बजे तक इसका संचालन करने पर विचार कर रहा है। नगर वन को रंग-बिरंगे लाइट से सजाने का भी विचार चल रहा है। इस विचार के पीछे अधिकारियों की मंशा है कि पूरे दिन अपने काम से छुट्टी मिलने के बाद अंधेरा होने तक लोग अपने परिवार के साथ नगरवन में फुर्सत के क्षण बिता सकें। नगर वन में बच्चों के मनोरंजन के साधन विकसित किए जा रहे हैं। यहां प्राकृतिक वातावरण में बच्चे झूले के साथ ही अन्य मनोरंजक गतिविधियों में हिस्सा ले सकेंगे।



महामाया पहाड़ी पर नगर वन में निर्मित पगोड़ा।

### होगी भोजन-नाश्ता की व्यवस्था

विभाग नगर वन में सैर-सपाटे के लिए परिवार सहित आने वाले लोगों के लिए भोजन व नाश्ता की व्यवस्था करने पर भी विचार कर रहा है। नगर वन के संचालन की जिम्मेदारी स्व सहायता समूह को सौंपा जाएगा। समूह की महिलाएं ही वाटिका एवं पार्क की पूरी जिम्मेदारी संभालेंगी। नगर वन के विकसित होने पर रोजगार के अवसर विकसित होंगे तथा समूह की महिलाओं को अपना हुनर दिखाने का मौका मिलेगा। वे अच्छी आय भी अर्जित कर सकेंगी।

### टहलने के लिए 1.5 किमी का कच्चा ट्रैक

विभाग द्वारा नगर वन में सुबह-शाम टहलने वाले लोगों के लिए 1.5 किमी लम्बा कच्चा ट्रेक विकसित किया गया है। ट्रैक के दोनों ओर अलग-अलग प्रजाति के पौधों का रोपण किया जाएगा। नगर वन में सुबह-शाम टहलने वाले लागों के योगासन एवं व्यायाम करने की भी जगह बनाई गई है। ट्रैक एवं व्यायाम की जगह हरियाली के बीच होने के कारण वातावरण स्वास्थ्य के अनुकूल होगा। पहाड़ी इलाका होने के कारण स्वास्थ्य संबंधी अन्य गतिविधियों के लिए भी सुविधाएं मिलेगी।

### चल रहा निर्माण

नगरवन का निर्माण तेजी से चल रहा है। जुलाई मध्य के पूर्व सारे कार्य पूर्ण कर लिए जाएगें तथा इसे प्रारम्भ कर दिया जाएगा। नगर वन को ऐसा लुक दिया जा रहा है कि यह सभी को आकर्षित कर सके।

-तेजश शेखर, डीएफओ

# अनीता बनीं डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

द एशोसिएसन ऑफ वी क्लब्स डिस्ट्रिक्ट 323, जी 3 की प्रथम केबिनेट बैठक नवनिता का आयोजन चार्टर डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट वी अनीता अग्रवाल भिलाई की अध्यक्षता में हॉटल हसदेव इन में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर मंच पर मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेत्री श्रीमती कांता नालावड़े मुंबई, शपथ अधिकारी पीडीजी लायन रंजना क्षेत्रपाल रायपुर, वाइस डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट वी अनिता फरमानिया मनेन्द्रगढ़, वी मनीषा सोनी जबलपुर एवं डिस्ट्रिक्ट के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी, वी रीता गुप्ता, वी लता आर्या, वी अंशु गोयल सूरजपुर, डिस्ट्रिक्ट केबिनेट के पदाधिकारी, आयोजन अध्यक्ष, आयोजक क्लब अध्यक्ष, सदन में उपस्थित विभिन्न एरिया से आए 22 क्लब्स के साथी सदस्यों की मौजूदगी में कार्यक्रम की शुरूआत हुई। दीप प्रज्जवलित कर प्रथम पूज्य गणेश जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के उपरांत सभा प्रारंभ की घोषणा की गई। मंच संचालिका वी ज्योति मजूमदार एवं वी वीरांगना श्रीवास्तव पूर्वी फरमानिया

- सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी गई प्रस्तुति



मनेन्द्रगढ़ द्वारा गणेश वंदना की प्रस्तुति दी, साथ ही अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया।

सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ, श्रीफल से सम्मान के पश्चात स्वागत भाषण चार्टर डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट वी अनिता अग्रवाल के द्वारा दिया गया। शपथ विधि के पूर्व उन्होंने वी अनिता फरमानिया को आगामी डिस्ट्रिक्ट प्रेजिडेंट एवं वी मनीषा सोनी को वाइस डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट घोषित किया। वी अनिता फरमानिया द्वारा डिस्ट्रिक्ट की ओर से कराई गई विभिन्न ऑनलाइन प्रतियोगिताओं के लिए विजयश्री प्राप्त करने वाले साथियों को पुरस्कृत किया गया। तत्पश्चात आगामी सत्र के लिए शपथ अधिकारी के रूप में मंच पर उपस्थित लायन रंजना क्षेत्रपाल ने डिस्ट्रिक्ट के सभी पदाधिकारियों, माइक्रो चेयरपर्सन, चेयरपर्सन, एरिया ऑफिसर्स, डिस्ट्रिक्ट केबिनेट, डिस्ट्रिक्ट वाइस एवं डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट, समस्त केबिनेट पदाधिकारी, डिस्ट्रिक्ट पदाधिकारी को अपने चिर परिचित मधुर प्रभावशाली अंदाज में शपथ दिलाई तथा सभी को शुभकामनाएं देते हुए अच्छे से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। प्रथम उद्बोधन नव निर्वाचित डिस्ट्रिक्ट प्रेजिडेंट वी अनिता फरमानिया के द्वारा दिया गया। इसमे उन्होंने डिस्ट्रिक्ट एवं मल्टिपल सभी में सामंजस्य स्थापित करते हुए सभी को साथ लेकर सेवापथ पर चलने का विश्वास दिलाया। कार्यक्रम को समापन की ओर ले जाते हुए मंचासीन निवर्तमान डिस्ट्रिक्ट प्रेजिडेंट वी अनिता अग्रवाल का सम्मान करते हुए सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों, केबिनेट पदाधिकारियों को स्मृति चिन्ह देकर वी अनीता फरमानिया द्वारा सम्मानित किया गया। आभार प्रदर्शन आयोजन अध्यक्ष वी ज्योति अग्रवाल ने किया।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**सोनगरा।** युवक ने अज्ञात कारण से अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार एसईसीएल कर्मचारी राघवेंद्र पटेल के पुत्र अभिनव पटेल (25 वर्ष) बीती रात अपने कमरे में सोने चला गया। सुबह जब परिजन उठे तो देखा अभिनव कमरे से बाहर नहीं निकला जिस पर परिजन उसे उठाने लग तो परिजन के होश उड़ गए। युवक कमरे में फांसी में लटका हुआ था। परिजन ने तत्काल पड़ोसी व पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया।

# 10 लाख के 3 हजार नग नशीले इंजेक्शन के साथ युवक गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत गांधीनगर पुलिस को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान न सिर्फ नशे के अंतर्राज्यीय कारोबारी को गिरफ्तार किया बल्कि उसके पास से 10 लाख कीमत के 3 हजार नग नशीला इंजेक्शन बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से आरोपी जेल भेज दिया गया है। मामले का खुलासा करते हुए एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो ने बताया कि हर रोज की भांति बीती रात नगर पुलिस अधीक्षक रोहित शाह के नेतृत्व में गांधीनगर थाना प्रभारी प्रदीप जायसवाल टीम के साथ ग्राम चठिरमा बैरियर के समीप वाहन की संघन जांच कर रहे थे। इस दौरान लटोरी की ओर से आ रहे कार क्रमांक जेएच 01 डीसी 3645 सवार झारखंड के गढ़वा थाना अंतर्गत ग्राम नवाडीह निवासी विनोद धर दुबे (28 वर्ष) पुलिस को देख वाहन मोड़ भागने लगा। पुलिस टीम ने कार सवार को वापस भागते देख पीछा किया तो कार सवार वाहन को छोड़ भागने लगा। पुलिस ने युवक का पीछा कर पकड़ा और वाहन की तलाशी ली तो पुलिस के होश उड़ गए। कार में 10 लाख कीमत के 3 हजार नग नशीला इंजेक्शन बरामद किया। पुलिस ने नशीला इंजेक्शन के संबंध में दस्तावेज की मांग की तो युवक किसी प्रकार के दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। जिस पर पुलिस ने वाहन समेत नशीला इंजेक्शन को जब्त कर युवक को गिरफ्तार कर लिया।

**खास बात**

- गांधीनगर पुलिस ने एनडीपीएस के तहत की कार्रवाई

## विवेकानंद कॉलेज में हुई काउंसिल की बैठक

# कौशल विकास व व्यावसायिक शिक्षा पर की गई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए स्टाफ काउंसिल की बैठक आयोजित की गई। इसमें महाविद्यालय की प्राचार्य एवं एनईपी समन्वयक डॉ.सरोजबाला श्याग बिश्नोई द्वारा महाविद्यालय में कार्यरत समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को नई शिक्षा नीति लागू करने संबंधी संवेदीकरण के साथ प्रवेश प्रक्रिया, अकादमिक कैलेंडर तथा कार्यालयीन विभिन्न समितियों की गठन एवं संचालन संबंधी अत्यंत महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए।

संवेदीकरण बैठक में महाविद्यालय स्तर पर गठित एनईपी क्रियान्वयन समिति के संयोजक डॉ.अरूणिमा दत्ता, सदस्य श्रीमती स्मृति अग्रवाल एवं सुशील छात्रे



बैठक में उपस्थित प्राध्यापक व अन्य ।

उपस्थित रहे। डॉ.बिश्नोई ने बताया कि इस शैक्षणिक सत्र से राज्य स्तर पर उच्च शिक्षा में नई शिक्षा नीति 2020 लागू हो रही है। इसमें हमारे महाविद्यालय में छग उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार तथा सरगुजा विश्वविद्यालय के नियमानुसार 18 जून से 31 जुलाई तक बीए, बीएससी तथा बी कॉम में प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेशित छात्रों को सेमेस्टर पद्धति से पठन-पाठन कराया जाएगा।

नई शिक्षा नीति मल्टीपल एंट्री एग्जिट, समग्र एवं बहुविषयक शिक्षा दृष्टिकोण पर जोर देता है, जो अकादमिक विषयों के साथ-साथ कला, मानविकी, खेल और व्यावसायिक कौशल के एकीकरण को बढ़ावा देता है। यह दृष्टिकोण छात्रों के समग्र विकास को बढ़ावा देता है, रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच और समस्या-समाधान कौशल को बढ़ावा देता है। उन्होंने बताया कि इस नीति में लचीली परीक्षा पद्धति प्रस्तावित तथा पारित हुई हैं। नई शिक्षा नीति में कौशल विकास और व्यवसायिक शिक्षा पर जोर दिया गया है। एनईपी 2020 का उद्देश्य छात्रों को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप व्यवहारिक कौशल और प्रशिक्षण प्रदान करके शिक्षा और रोजगार के बीच की खाई को पाटना है। शिक्षा में प्रौद्योगिकी का उपयोग जैसे डिजिटल बुनियादी ढांचे की स्थापना, डिजिटल सामग्री के विकास और सीखने और मूल्यांकन के लिए ऑनलाइन प्लेटफार्मों के उपयोग के माध्यम से शिक्षा में प्रौद्योगिकी के एकीकरण को बढ़ावा देता है। नई शिक्षा नीति में शिक्षक प्रशिक्षण और व्यवसायिक विकास के महत्व पर जोर दिया गया हैं, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि शिक्षक प्रभावी और शिक्षार्थी-केन्द्रित शिक्षा देने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान से लैस हों। नई शिक्षा नीति उच्च शिक्षा सुधार प्रस्तुत करता है, जिसमें बहु-विषयक संस्थानों की स्थापना, अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देना, लचीले स्नातक कार्यक्रम, क्रेडिट-आधारित प्रणाली और पाठ्यक्रम में व्यवसायिक शिक्षा और इंटर्नशिप को शामिल करना शामिल है। राष्टीय शिक्षा नीति 2020 भारत में शिक्षा के भविष्य को आकार देने के उद्देश्य से परिवर्तनकारी बदलाव लेकर आई है। यह समग्र शिक्षा, बचपन की देखभाल, लचीले आकलन, कौशल विकास, प्रौद्योगिकी के एकीकरण, शिक्षक प्रशिक्षण और उच्च शिक्षा सुधारों पर जोर देती है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### लाखों की लागत से ....

के लिए परेशान होना पड़ रहा है, लेकिन अब तक इसका समाधान नहीं हो पाया है, जबकि छिन्दडॉड़ के लोगों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पहले जल आवर्द्धन योजना के तहत बड़ी राशि खर्च कर पानी टंकी व पाइप लाइन विस्तार कार्य कराया गया, इसके बाद फिर जल जीवन मिशन के तहत लाखों रूपए खर्च किए जा चुके हैं, इसके बाद भी लोगों को दोनों में से किसी योजना के कार्य का लाभ नहीं मिल रहा है। जानकारी के अनुसार जल आवर्द्धन योजना का कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है, वहीं जल जीवन मिशन योजना का कार्य भी पूरा नहीं हो पाया है। दरअसल छिन्दडॉड़ जो कि तलवापारा पंचायत का आश्रित ग्राम है। पहले ग्राम पंचायत को नगर पालिका बैकुंठपुर में शामिल किया गया था, लेकिन बाद में सभी नए जुडे ग्राम पंचायतों को नगरीय निकाय से अलग कर पहले की तरह पंचायत बना दिया गया। यही वजह है कि न तो जल आवर्द्धन योजना का लाभ मिल रहा है और न ही जल जीवन मिशन का ही।

**दो योजनाओं में लाखों फूंके फिर भी सूखा :** में विशाल पानी टंकी निर्माण के साथ पाइप लाइन का विस्तार कार्य कराया गया, इसके बाद छिन्दडॉड़ को फिर से नगरीय निकाय बैकुंठपुर से काटकर ग्राम पंचायत के अधीन कर दिया गया, इसके कारण जल आर्वधन योजना अधर में लटक गई है। वहीं अब ग्राम पंचायत जल जीवन मिशन के तहत कार्य कराना शुरू कर दिया। यही कारण है कि एक योजना मूर्तरूप नहीं ले पाई की दूसरी योजना से बड़ी राशि खर्च कर दी गई।

### पीएम श्री स्कूल ....

भोजन समूह के द्वारा जनप्रतिनिधि एवं समिति के सदस्यों के बीच बच्चों को तिलक लगाकर, मुंह मीठा करा कर पुस्तक गणवेश वितरण कर शाला प्रवेशोत्सव मनाने की तैयारी की जा रही है। बैठक में मुख्य रूप से शाला प्रबंधन की समिति की अध्यक्ष श्रीमती अनीता, प्रधान पाठिका श्रीमती सीमा मिश्रा, रूपेन्द्र पटेल, संकुल समन्वयक आरके मंडल एवं समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### 27 हजार 702 किसानों ...

श्रीमती रेणुका सिंह, गणमान्य नागरिक कृष्ण बिहारी जायसवाल, लक्ष्मण राजवाड़े, भानूपाल, उप संचालक कृषि राजेश कुमार भारती, कृषि विज्ञान केन्द्र प्रमुख कमलेश सिंह, विषय वस्तु विशेषज्ञ विजय कुमार एवं केशव चंद्र राजहंस, बैकुंठपुर एवं सोनहत विकासखंड़ से हितग्राही किसान उपस्थित रहे।

### अंतरराष्ट्रीय योग...

को पूरी दुनिया में पुर्नस्थापित किया है। हमारे शारीरिक और मानसिक उत्थान के लिए योग विज्ञान अपनाए। 21 जून को योग दिवस पर सभी लोग नियमित योगाभ्यास का संकल्प ले।



# कार्तिक ने प्रशंसकों का माना आभार...

**मुंबई।** कार्तिक आर्यन की स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म 'चंदू चैंपियन' 14 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। रिलीज के बाद से ही प्रशंसकों ने कार्तिक के अभिनय की जमकर तारीफ की साथ ही फिल्म की कहानी भी प्रशंसकों को बेहद पसंद आई। इन दिनों कार्तिक अपनी फिल्म 'चंदू चैंपियन' की सफलता का लुत्फ उठा रहे हैं। कबीर खान द्वारा निर्देशित इस फिल्म को दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। प्रशंसकों से मिले प्यार से कार्तिक बेहद खुश हैं और उन्होंने सोशल मीडिया अकाउंट पर प्रशंसकों का आभार व्यक्त करते हुए उनका शुक्रिया अदा किया है। फिल्म ने अपने चौथे दिन भारत में लगभग 6.01 करोड़ की कमाई की।

लाइफ Style



# पशिमना

## ऋतिक ने दी ये सलाह

एजेंसी ⏭ मुंबई

ऋतिक रोशन की बहन और म्यूजिक डायरेक्टर राजेश रोशन की बेटी पशिमना रोशन 'इश्क विश्क रिबाउंड'से बॉलीवुड में डेब्यू करने को तैयार हैं। इस फिल्म में वह फीमेल लीड रोल में नजर आएंगी। उनके साथ अभिनेता रोहित सराफ, जिब्रान खान और नैला ग्रेवाल भी मुख्य भूमिका में दिखेंगे।

यह रोमांटिक ड्रामा फिल्म 21 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस बीच पशिमना ने एक साक्षात्कार में ऋतिक रोशन से मिली सलाह के बारे में साझा किया। साक्षात्कार के दौरान पशिमना से जब यह पूछा गया कि क्या उन्हें उनके भाई ऋतिक और चाचा राकेश रोशन से कोई सलाह मिली है। इसके जवाब में अभिनेत्री ने कहा, 'बिल्कुल, मुझे एक कलाकार के रूप में कैसे सुधार करना है और जीवन में कैसे खुद को बेहतर बनाना है, इसके लिए मुझे उनसे सलाह मिली है। एक फिल्म या एक फिल्म निर्माता को एक चरित्र की आवश्यकता होती है। इससे कम पर समझौता नहीं किया जा सकता। असली खेल तो अब शुरू हो रहा है। मैं शुक्रवार को 'इश्क विश्क रिबाउंड'से डेब्यू कर रही हूं। इस फिल्म के बाद मुझे एक फ्रीलांसर की तरह और काम ढूंढना होगा।' अभिनेत्री से जब पूछा गया कि उन्होंने इतनी देर से क्यों डेब्यू किया, तो उन्होंने बताया कि इंडस्ट्री में होना इतना आसान नहीं है। इसके लिए कठिन परिश्रम करना पड़ता है। मुझे कैमरे के सामने तैयार रहना पड़ता था। मैं अपने अभिनय और डांसिंग स्किल पर काम कर रही थी। यह केवल एक महीने का सफर नहीं है, इसमें लंबा समय लगता है।

हॉलीवुड मसाला



# डांस मूव्स के लिए हुए ट्रोल...

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड की मशहूर गायिका टेलर स्विफ्ट इन दिनों अपने एराज टूर पर निकली हुई हैं। इस शो के लिए उनके चाहने वालों में अलग किस्म की दीवानगी देखने को मिल रही है। वहीं, इंटरनेट पर टेलर स्विफ्ट का एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें वे वे डांस करती नजर आ रही हैं। उस वीडियो की वजह से टेलर को ट्रॉलिंग का सामना करना पड़ रहा है। एक यूजर ने प्रतिक्रिया देते हुए कमेंट किया है, 'टेलर से बेहतर डांस मेरा छोटा भाई कर लेता है'।



# ब्रैड की आगामी फिल्म अगले साल होगी रिलीज

**लॉस एंजिलिस।** ब्रैड पिट की आगामी फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। फॉर्मूला 1 पर आधारित यह फिल्म अगले साल बड़े पर्दे पर दस्तक देगी। इस फिल्म के निर्देशन की कमान 'टॉप गनः मेवरिक' बना चुके जोसेफ कोसिंस्की के हाथों में है। ब्रैड पिट हॉलीवुड के सबसे बड़े सितारों में से एक हैं। फैंस को उनकी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार रहता है। वह फॉर्मूला 1 रेसिंग पर आधारित फिल्म में नजर आने वाले हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह फिल्म अगले साल 25 जून को रिलीज होगी। सिनेमाघरों में इस फिल्म को प्रदर्शित करने के लिए एपल ने वॉर्नर ब्रदर्स के साथ साझेदारी की है। कंपनी इन दिनों अपने स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म एपल टीवी प्लस पर फिल्मों को लाने से पहले ज्यादातर फिल्मों को सिनेमाघरों में रिलीज कर रही है।



# अश्मित पर भड़क गईं थीं मल्लिका...

**मुंबई।** अश्मित पटेल फिल्म मर्डर में इमरान हाशमी और मल्लिका शेरावत के साथ काम कर चुके हैं। अश्मित ने कहा, 'फिल्म में एक सीन था जहां पर मुझे उनके गला को दबाना था।' मुझे याद है मैंने नसीर साहब से पूछा कि कैसे चोक कर सकते हैं, बिना किसी को असर में डाले। उन्होंने फिर बताया कि कैसे करें कि एक्सप्रेशन से लगेगा कि आप कर रहे हो, लेकिन असल में ऐसा नहीं हुआ। मैंने फिर वैसे ही किया और कट के बाद मल्लिका ने इश्यू बना दिया। अश्मित ने बताया कि मल्लिका काफी दिमाग वाली थीं और उन्होंने उस वक्त अपने स्टेटमेंट और कई चीजों से खुद को लाइमलाइट में रखा था, जबकि बाकी सब पर कोई ध्यान नहीं दे रहा था। इसके बाद उन्होंने एक किस्सा भी शेयर किया, जब मल्लिका ने अश्मित पर गला दबाने का आरोप लगाया था।



# सुनाए पिता की कामयाबी के किस्से...

**मुंबई।** दिग्गज बॉलीवुड अभिनेता सुनील शेट्टी हाल ही में 'डांस दीवाने' शो में बतौर जज नजर आए। एक पॉडकास्ट के दौरान उन्होंने अपने दिवंगत पिता वीरप्पा शेट्टी के बारे में साझा किया कि वह नौ साल की उम्र में अपने घर से भाग गए थे और मुंबई के एक होटल में वेटर की नौकरी की। अभिनेता ने आगे कहा, 'उन्होंने दक्षिण भारतीय होटल में नौ साल की उम्र में नौकरी की, हमारे समुदाय के बारे में एक चीज है कि हम एक -दूसरे की मदद करते हैं। उनकी पहली नौकरी टेबल साफ करने की थी। वह बहुत छोटे थे। वह इतने छोटे थे कि उन्हें टेबल को साफ करने के लिए उसके चार चक्कर लगाने पड़ते थे। वह चावल की बनी बोरियों पर सोते थे। उन्होंने आगे कहा कि उनके मालिक ने तीन इमारतें खरीदी और उनके पिता को उसकी देखभाल के लिए कहा।

टीवी मसाला



# तलाक की खबरों के बीच निखिल को फैंस ने खूब सुनाई खरी-खोटी

**नई दिल्ली।** दलजीत कौर और निखिल पटेल के बीच की खटास अब जग-जाहिर हो चुकी है। एक्ट्रेस ने अपने पति पर शादीशुदा होने के बावजूद एक्स्ट्रा-मैरिटल अफेयर होने के आरोप लगाए थे जिसके बाद सोशल मीडिया के जरिए दोनों ने एक-दूसरे पर निशाना साधा था। अब उनकी ये आपसी अनबन तलाक तक जा पहुंची है।हिंदुस्तान टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, केन्या के कोर्ट में कपल की अर्जी पर सुनवाई हो रही है। इन सबके बीच हाल ही में दलजीत कौर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया है जिसमें वह काफी इमोशनल नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस को दूसरी बार तलाक का दर्द झेलता देख उनके फैंस का कलेजा पसीज गया है। सोशल मीडिया पर उनके फैंस सामने आकर उन्हें तसल्ली और सांत्वना दे रहे हैं। जहां कई फैंस ने एक्ट्रेस का सपोर्ट किया है, तो कई ने उनके पति निखिल पटेल को जमकर खरी-खोटी भी सुनाई है। एक सोशल मीडिया यूजर दलजीत कौर के वीडियो पर कमेंट करते हुए लिखते हैं, 'वो बुड्ढा था बहुत ज्यादा.. तुम्हें उससे शादी नहीं करनी चाहिए थी। तुमने उस उम्रदराज इंसान से शादी क्यों की। तुम्हें कोई काफी अच्छा इंसान मिल जाता।'

## बॉडीगार्ड ने सरेआम की थी बदतमीजी मना करने पर भी बार-बार किया था टच

**नई दिल्ली।** अविका गौर टीवी पर किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने सीरियल 'बालिका वधू में 'आनंदी' का किरदार निभा घर-घर में पहचान बनाई। छोटे पर्दे से निकलकर अविका गौर साउथ सिनेमा और हिंदी फिल्मों में भी अपने अभिनय का जलवा बिखेर रही हैं। हाल ही में अविका गौर ने हाउटरफ्लाई को दिए एक इंटरव्यू में अपने साथ हुई एक घटना का जिक्र करते हुए बताया कि कैसे वह अपने बॉडीगार्ड की हरकत से सकते में आ गई थीं। एक्ट्रेस ने अपना दर्द बयां करते हुए कहा कि उनके बॉडीगार्ड ने उनके साथ सरेआम बदतमीजी की थी। ये वाकया कजाकिस्तान का है। अविका गौर ने अपने इंटरव्यू में कहा, 'मुझे याद है किसी ने मुझे पीछे से छूने की कोशिश की थी। मैंने जब पीछे मुड़कर देखा तो वहां सिर्फ मेरा बॉडीगार्ड मौजूद था। मैं फिर जब स्टेज पर जा रही थी तब दोबारा किसी ने मुझे पीछे से छूने की कोशिश की, लेकिन वहां मेरे बॉडीगार्ड के अलावा कोई और नहीं था।



# बॉलीवुड में सिक्का नहीं जमा सके दक्षिण के ये सितारे, लिस्ट के नाम कर देंगे हैरान

*मुंबई। दक्षिण के कई सितारे बॉलीवुड में सिक्का नहीं जमा सके। इस लिस्ट में पहले नंबर पर रामचरण का नाम आता है। उनका नाम तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री के बड़े सितारों में शामिल किया जाता है। **आरआरआर के बाद राम चरण** पूरे विश्व में प्रसिद्ध हो चुके हैं। हालांकि, उनका बॉलीवुड डेब्यू काफी फीका रहा था। मिलन लूथरिया के निर्देशन में बनी फिल्म जंजीर से उन्होंने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा था, लेकिन यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट गई। इसके बाद राम चरण किसी भी हिंदी फिल्म में नजर नहीं आए।*



***विक्रम तमिल सिनेमा** के दिग्गज सितारों में से एक हैं। अपनी अदाकारी के वह कई बार दर्शकों को चौंका चुके हैं। अभिनेता ने अपने करियर में कई हिट फिल्मों में काम किया है, लेकिन बॉलीवुड में वह बुरी तरह फ्लॉप साबित हुए। उन्होंने रावण और डेविड नाम की हिंदी फिल्म में काम किया, लेकिन दोनों ही फिल्में टिकट खिड़की पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकीं।*



***विजय देवरकोंडा** को गीता गोविंदम और अर्जुन रेड्डी जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। वह भी हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में अपनी किस्मत आजमा चुके हैं। फिल्म लाइगर में वह अनन्या पांडे के साथ नजर आए थे। हालांकि, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप साबित हुई थी।*



***सूर्या तमिल सिनेमा** के एक और सितारे का नाम इस लिस्ट में शामिल है। अभिनेता कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों में नजर आ चुके हैं, लेकिन बॉलीवुड में उनकी फिल्मों का रिकॉर्ड अच्छा नहीं रहा है। साल 2010 में रिलीज हुई फिल्म रक्तचरित्र 2 में वह नजर आए थे, लेकिन यह फिल्म उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सकी थी।*



# गोविंदा की वो फिल्म जिसने 1993 में बॉक्स ऑफिस पर रच डाला था इतिहास

**मुंबई।** आज भले ही गोविंदा फिल्मों से दूर हो चुके हैं, लेकिन एक वक्त ऐसा था जब बॉक्स ऑफिस पर उनके नाम से ही फिल्में सुपरहिट हुआ करती थीं। लाइमलाइट से दूर हो चुके गोविंदा की ऐसी कई फिल्में हैं, जिन्हें आप बार-बार भी देखें तो मन नहीं भरेगा। आज हम आपको गोविंदा की उस फिल्म के बारे में बताने जा रहे हैं, जो महज 2 करोड़ में बनकर तैयार हो गई थी, लेकिन रिलीज होते ही यह ब्लॉकबस्टर साबित हुई और कमाई के मामले में बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रच दिया था। एक्शन से लेकर कॉमेडी तक, गोविंदा ने अपने करियर में हर तरह की फिल्में कीं और उन सभी में उन्हें सफलता भी मिली। ठीक ऐसी ही एक फिल्म थी 'आंखें' जो साल 1993 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। गोविंदा की यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होते ही हंगामा मचाने लगी थी, जो बेहद ही कम बजट में बनकर तैयार हुई थी। विकिपीडिया के आंकड़ों के अनुसार, फिल्म 'आंखें' साल 1993 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी थी। दर्शकों को यह फिल्म बेहद पसंद आई थी। यह एक कॉमेडी फिल्म थी, जो डेविड धवन द्वारा निर्देशित और अनीस बज्मी द्वारा लिखित थी। इस फिल्म में गोविंदा के साथ चंकी पांडे, रितु शिवपुरी, रागेश्वरी, शिल्पा शिरोडकर, बिंदू, हरीश पटेल, शक्ति कपूर, महावीर शाह और गुलशन ग्रोवर भी अहम किरदारों में नजर आए थे।



# 'एसएसबी 29' के लिए राजामौली ने खरीदे अफ्रीकी किताबों के अधिकार!

**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार महेश बाबू और फिल्म निर्माता-निर्देशक एसएस राजामौली 'एसएसएमबी 29' के जरिए पहली बार साथ काम कर रहे हैं। दर्शकों को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। यह इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म को लेकर दर्शक लगातार नई जानकारियों का इंतजार कर रहे हैं। फिल्म के लेखक केवी विजयेंद्र प्रसाद ने पहले बताया था कि यह फिल्म अफ्रीकी जंगलों की पृष्ठभूमि पर आधारित है और इंडियाना जोन्स एडवेंचर टेम्पलेट की कहानी को दिखाएगी। वहीं, अब इस फिल्म की कहानी को लेकर एक और दिलचस्प जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, निर्देशक एसएस राजामौली ने कथित तौर पर अफ्रीकी-ब्रिटिश उपन्यासकार विल्बर स्मिथ के बेस्टसेलिंग एडवेंचर उपन्यासों ट्रायम्फ ऑफ द सन और किंग ऑफ किंग्स के अधिकार खरीद लिए हैं। हालांकि, इस बारे में निर्माताओं की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है, लेकिन इन दोनों पुस्तकों की विषय-वस्तु निश्चित रूप से राजामौली को फिल्म की कहानी के लिए बड़ा आधार देगी, जिसके जरिए राजामौली फिल्म की कहानी को दमदार बनाने की योजना बना सकते हैं। ये दोनों पुस्तकें सूडान, अफ्रीका में सेट हैं और अफ्रीकी क्षेत्रों में कई पात्रों की साहसिक यात्रा को बताती है।



# इन सितारों को मिला था 'बॉर्डर' का ऑफर, ठुकराने के बाद पीटा माथा!

*नई दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'बॉर्डर' का सीक्वल बनने जा रहा है। मेकर्स ने बॉर्डर 2 की घोषणा भी कर दी है। ये फिल्म अगले साल गणतंत्र दिवस के मौके पर 23 जनवरी 2026 को रिलीज होगी। बॉर्डर में सनी देओल के साथ सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ, अक्षय खन्ना और तब्बू जैसे तमाम सितारे नजर आए थे। 1997 में आई इस फिल्म में नजर आने से पहले कई स्टार्स को इस फिल्म का ऑफर दिया गया था। इन कलाकारों के हां बोलने से पहले बॉर्डर को कई सितारे ठुकरा चुके थे।*



**आमिर खान :** इस लिस्ट में बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान का नाम भी शामिल है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, आमिर खान को भी फिल्म 'बॉर्डर' में रोल ऑफर हुआ था। मगर उन्होंने भी इस फिल्म को करने से मना कर दिया था।



**जूही चावला :** 'बॉर्डर' में तब्बू भी अहम किरदार में नजर आई थीं। दर्शकों को उनका किरदार भी काफी पसंद आया था। मगर शायद ही आप जानते हो कि इस किरदार के लिए तब्बू मेकर्स की पहली पसंद नहीं थीं। उनसे पहले इस किरदार के लिए मेकर्स ने जूही चावला से बात की थी। उन्होंने इसे करने से इंकार कर दिया था, जिसके बाद ये तब्बू की झोली में आ गिरी।



**अनिल कपूर :** धरवीर के रोल में नजर आए अभिनेता अक्षय खन्ना का किरदार पहले अनिल कपूर को ऑफर हुआ था। मगर अनिल कपूर ने भी किसी कारणवश इस फिल्म को करने से मना कर दिया था। इसके बाद ये फिल्म अक्षय खन्ना को ऑफर हुई थी। धरवीर के किरदार में उन्हें दर्शकों ने खूब पसंद किया था।

Online Booking : www.tripuryatra.com

माता-पिता व स्वयं तीर्थ यात्रा कर जीवन धन्य करें साथ -साथ पुण्य का लाभ अर्जित करें।



स्पेशल ट्रेन से 13 सितंबर से 19 सितंबर 2024 तक ( 07 दिन )

स्लीपर मात्र 8,500/-

रायपुर (15.00), बिलापुर (17.30), चाम्पा (18.30), रायगढ़ (19.40) से होकर

सबसे कम राशि पर

# गंगा सागर यात्रा

सारे तीरथ बार-बार, गंगा सागर एक बार

## गंगा सागर, श्री जगन्नाथपुरी, माँ कामाख्या देवी

राशि : स्लीपर 13,500/-, 3एसी -21,500/-, 2 एसी -26,500/- ऑफर : राशि : स्लीपर 8,500/- 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-21,500/- (+5% GST) 30 जून 2024 तक बुकिंग कराने पर

माता-पिता व स्वयं तीर्थ यात्रा कर जीवन धन्य करें साथ -साथ पुण्य का लाभ अर्जित करें।



स्लीपर मात्र 16,500/-

सबसे कम राशि पर

# चार धाम यात्रा

रायगढ़ (11.56), खरसिया (12.21), सक्ती (12.36), बाराद्वार (12.50), चांपा (13.15), जांजगीर नैला (13.26), अकलतरा (13.40), बिलासपुर जंक्शन (14.30), पेंड्रा रोड (16.15), भाटापारा ( 06.30), तिल्दा (06.53), रायपुर जंक्शन (07.40), दुर्ग (08.35), राजनांदगांव (08.59), डोंगरगढ़ (09.24), अनूपपुर जंक्शन (17.15)

रिजर्वेशन कोच (15 दिन)
05 सितंबर से 19 सितंबर 2024
09 सितंबर से 23 सितंबर 2024
18 सितंबर से 02 अक्टूबर 2024
23 सितंबर से 06 अक्टूबर 2024
05 अक्टूबर से 19 अक्टूबर 2024
08 अक्टूबर से 22 अक्टूबर 2024
14 अक्टूबर से 28 अक्टूबर 2024
16 अक्टूबर से 30 अक्टूबर 2024

श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश, श्री त्रियुगी नारायण (माता पार्वती भगवान शिव का विवाह स्थल)

चारधाम की विशेष सुविधा

1. रेलवे ट्रेन टिकट आने-जाने की सुविधा हरिद्वार तक। 2. हरिद्वार से 2/2 की 27 सीटर छोटी बस की सुविधा। 3. रात्रि विश्राम के लिए स्वयं के हॉटल / लॉज में ठहरने की उत्तम सुविधा। 4. सर्वेश्रेष्ठ कुक द्वारा गरमा-गरम ताजा उत्तम नाश्ते व स्वादिष्ट रात्रि भोजन की उत्तम सुविधा व ट्रेन में लंच की व्यवस्था। 5. एक अनुभवी गाईड कम मैनेजर की सुविधा।

चारधाम यात्रा की इन्डीविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें-7354411411

नोट : 11 टिकिट बुकिंग कराने पर 1 टिकिट फ्री (ऑफर केवल 30 जून तक)

यात्रा पंजीयन खुल गई है आपको यात्रा पंजीयन करवाना अनिवार्य है। अन्यथा आपका चार धाम यात्रा करना मुश्किल रहेगी।

राशि : 20,500/- रू., 3एसी-30,500/-, 2एसी-34,500/- ऑफर : स्लीपर 16,500/- 3 एसी-25,500/-, 2 एसी-30,500/- (+5% GST) 30 जून 2024 तक बुकिंग कराने पर

स्पेशल ट्रेन से 21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024 (11 दिन)

नोट : तिरूपति बालाजी की व्हीआईपी टिकिट यात्रियों को स्वयं बुक करनी है।

# रामेश्वरम् धाम यात्रा

स्लीपर मात्र 16,500/-

श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मिनाक्षीदेवी

रिजर्वेशन कोच (10 दिन)
25 जुलाई से 03 अगस्त 2024
20 अगस्त से 29 अगस्त 2024
10 सितंबर से 19 सितंबर 2024
15 अक्टूबर से 24 अक्टूबर 2024

राशि : 22,500/- रू., 3एसी-30,500/-, 2एसी-35,500/- । ऑफर : राशि : स्लीपर 16,500/- 3 एसी-27,500/-, 2 एसी-30,500/- (+5% GST) 30 जून 2024 तक बुकिंग कराने पर

# 7 ज्योतिर्लिंग यात्रा

स्लीपर मात्र 16,500/-

श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेट, श्री शिरडी सांई बाबा, श्री शनि सिंघनापुर, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, घृष्नेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यम्बकेश्वर ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग

रिजर्वेशन कोच (11 दिन)
24 जुलाई से 03 अगस्त 2024
21 अगस्त से 31 अगस्त 2024
11 सितंबर से 21 सितंबर 2024
16 अक्टूबर से 26 अक्टूबर 2024
27 नवंबर से 07 दिसंबर 2024
25 दिसंबर से 04 जनवरी 2025

राशि : 20,500/- रू., 3एसी-30,100/-, 2एसी-35,500/- । ऑफर : राशि : स्लीपर 16,500/- 3 एसी-27,500/-, 2 एसी-30,500/- (+5% GST) 30 जून 2024 तक बुकिंग कराने पर

# नेपाल विदेश यात्रा

स्लीपर मात्र 18,500/-

अयोध्या (राम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ), गोरखनाथ मंदिर, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंठ, सांघा) काठमांडू दरबार, भक्तपुर जनकपुर (सीता मईया जन्म स्थल) सीतामणी,

रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
25 जुलाई से 06 अगस्त 2024
22 अगस्त से 03 सितंबर 2024
12 सितंबर से 24 सितंबर 2024
19 सितंबर से 01 अक्टूबर 2024
02 अक्टूबर से 14 अक्टूबर 2024
16 अक्टूबर से 28 अक्टूबर 2024
07 नवंबर से 19 नवंबर 2024
28 नवंबर से 10 दिसंबर 2024
19 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024

राशि : 22,500/- रू., 3एसी-30,500/-, 2एसी-35,500/- । ऑफर : राशि : स्लीपर 18,500/- 3 एसी-27,500/-, 2 एसी-30,500/- (+5% GST) 30 जून 2024 तक बुकिंग कराने पर

स्पेशल ट्रेन से 14 अक्टूर से से 20 अक्टूबर 2024 तक ( 07 दिन )

सबसे कम राशि पर

# द्वारकाधीश धाम यात्रा

रायपुर (8.00), उसलापुर (10.30), शहडोल (14.40) से होकर



स्लीपर मात्र 8,500/-

श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (महाकालेश्वर)

स्पेशल ट्रेन की विशेष सुविधाएं

1. श्रद्धालुओं को ट्रेन बदलनी नहीं रहती, स्पेशल ट्रेन आपको पूरे धार्मिक स्थल का दर्शन करवा वापस आपके गंतव्य स्थल पर छोड़ेगी।
2. स्पेशल ट्रेन में कोई बाहरी यात्री सवार नहीं होते, स्पेशल ट्रेन हमारे श्रद्धालु गण के लिए ही बनी रहती है।
3. श्रद्धालुगण का लगेज ट्रेन पर ही रहती है ,खाली हाथ दर्शन को श्रद्धालुगण जाते हैं एवं बार-बार समान उतारना-चढ़ाना नहीं पड़ता।
4. छत्तीसगढ़ के सर्वश्रेष्ठ कुक के टीम से श्रद्धालुओं को घर जैसा स्वादिष्ट, लाजवाब भोजन नाश्ते की व्यवस्था रहती है।
5. अनुभवी मैनेजर/ गाइड पूरे यात्रा में श्रद्धालुओं के साथ रहेंगे।

राशि : 12,500/- रू., 3एसी-20,500/-, 2एसी-25,500/-

ऑफर : राशि : स्लीपर 8,500/- 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-21,500/- (+5% GST) 30 जून 2024 तक बुकिंग कराने पर

स्पेशल ऑफर : किसी भी यात्रा में 25 टिकिट की बुकिंग कराने पर 1 टिकिट फ्री* 30 जून 2024 तक बुकिंग कराने पर

सुविधायें : यात्रा के दौरान -1. कफर्म रेल्वे टिकट आने-जाने की सुविधा। 2. स्टेशन से बाहर मंदिर तक जाने के लिए बस की सुविधा। 3. ब्रेकफास्ट व डिनर व ट्रेन में लंच की सुविधा। 4. लॉज व धर्मशाला में रूम में ठहरने की सुविधा। 5. पूरे यात्रा में एक अनुभवी गाईड/ मैनेजर की सुविधा।

नोट : 1. यात्रा के दौरान नास्ते, भोजन व रहने के लिए लॉज/ धर्मशाला व मंदिर तक जाने के लिए नॉन एसी बस की व्यवस्था समिति द्वारा रहेगी। 2. एसी वाले यात्रियों के लिए नॉन एसी होटल व नॉन एसी बस की व्यवस्था रहती है। 3. यात्रा के दौरान ट्रेन से बाहर दोपहर के भोजन का व्यवस्था आपकी स्वयं की रहेगी। 4. केदारनाथ, यमुनोत्री की पालकी घोड़े, खच्चर, हेलिकाप्टर व नेपाल में मनोकामना दर्शन की रोपवे व मंदिर एंट्री फीस व तिरूपति बालाजी जी की व्हीआईपी दर्शन टिकिट फीस आपकी स्वयं की होगी।

नियम एवं शर्तें : 1. यात्रा कैंसल करने पर यात्रा की 15 दिन के अंदर राशि के निरस्तीकरण प्रभार 20 प्रतिशत लगेगा। यात्रा दिनांक के 15 दिन के अंदर 50 प्रतिशत, 7 दिन के अंदर 75 प्रतिशत पूर्ण राशि में कटौती की जाएगी व यात्रा दिनांक के 2 दिन के अंदर राशि वापसी नहीं हो पाएगी। 2. 20 प्रतिशत यात्रा के पूर्व राशि का रजिस्ट्रेशन राशि किसी परिस्थिति में भी वापसी योग्य नहीं है। 3. 5 वर्ष से 8 वर्ष के बड़ों की हॉफ राशि लगेगी व 8 वर्ष से ऊपर के यात्रियों की पूरी राशि लगेगी, हॉफ राशि वालों को सीट आबंटित नहीं की जाएगी। 4. 20 प्रतिशत रूपए देकर अपना रजिस्ट्रेशन करने के पश्चात शेष राशि यात्रा दिनांक के 1 महीने पूर्व जमा करना अनिवार्य है अथवा आपकी यात्रा कैंसल हो जावेगी। 5. अंतिम यात्रा दिनांक से पहले आप बुकिंग करवा लें। ट्रेनों में आजकल दो महीना पहले ही वेटिंग लग जाती है। 6. कुल राशि पर 5 प्रतिशत जीएसटी अलग से लगेगा। 7. रिफंड करने की प्रक्रिया में 1 महीने का समय लगता है।

ऑफिस समय
सुबह 10 बजे से शाम 07 बजे तक

अपने शहर/ गांव/ नगर में फ्रेंचाईजी के लिए संपर्क करें- 7035-411411

नोट : कृपया www.tripuryatra.com से यात्रा टूर प्रोग्राम (आईटनरी), नियम व शर्ते को पढ़ने के पश्चात ही अपनी सहमति पर बुकिंग करें।

Jai Mata Di
Shree Tripur Tirth Yatra Samiti

Since-2007

shree tripur tirth yatra

# श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
सेवा समिति

संरक्षक श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति - श्री राजकिशोर प्रसाद - संरक्षक, महापौर- कोरबा, श्री सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल-संरक्षक एवं विधि सलाहकार, श्री राहुल यादव - चेयरपर्सन- श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति, एम. डी. राहुल ट्रैवल्स, वन वे टैक्सी प्रा.लि., डॉ. साहिल यादव - डायरेक्टर राहुल ट्रैवल्स, वन वे टैक्सी प्रा.लि., श्रीमती रीना राय - कोषाध्यक्ष, श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति, श्री जयराज मिश्रा (रिलायबल सर्विस), श्री संतोष राठौर (पूर्व सभापति एवं एमआईसी सदस्य न.पा. नि. कोरबा), श्री निरंजन यादव (महासचिव छ.ग. प्रगतिशील यादव महासंघ), श्री जितेंद्र बहादुर यादव (छत्तीसगढ़ अध्यक्ष प्रगतिशील यादव महासंघ) (एस.एस. इण्डस्ट्रीज), श्री रजनीश भास्कर (एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट), श्री तेजप्रताप सिंह (भिलाई) श्री कमल यादव (डायरेक्टर प्रतिभा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग नया रायपुर), गणेश कुलदीप (अधिवक्ता), श्रीमती अंजू गभेल (उपाध्यक्ष)

समिति की उपलब्धियां -
- पूर्व मुख्यमंत्री मा. श्री भूपेश बघेल जी के द्वारा सम्मानित समिति
- ZEE मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़, छत्तीसगढ़ शासन उपमुख्यमंत्री मा. श्री अरूण साव जी द्वारा सम्मानित समिति
- पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष मा. श्री डॉ. रमन सिंह जी के द्वारा सम्मानित समिति
- केन्द्र रेल मंत्री माननीय श्री अश्विन वैष्णव जी से सम्मानित समिति
- बंसल न्यूज चैनल द्वारा माननीय पूर्व राजस्व मंत्री श्री जयसिहं अग्रवाल जी द्वार सम्मानित समिति
- छत्तीसगढ़ राज्यपाल माननीया अनुसुइया उइके जी के द्वारा सम्मानित समिति
- महिला बाल विकास पूर्व मंत्री माननीया अनीला भेंड़िया जी के द्वारा सम्मानित समिति
- जी न्यूज हिन्दुस्तान द्वारा आयोजित कार्यक्रम उड़ान में राष्ट्र स्तर पर मिला सम्मान
- मध्य भारत की सबसे विश्वसनीय सुप्रसिद्ध यात्रा करवाने वाली सेवा समिति
- आई.बी.सी. 24 द्वारा छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार की उपाधि से संबोधित
- न्यूज 18 छत्तीसगढ़ द्वारा बिजनेस एक्सिलेंट अवार्ड से सम्मानित
- नौ राज्यों छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखण्ड, महाराष्ट्र, बिहार, उड़ीसा, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब में सेवा देने वाली एकमात्र सेवा समिति
- सबसे कम राशि पर तीर्थ यात्रा कराने वाली एक मात्र सेवा समिति

OFFICE ADDRESS
RAIPUR : D-36 Sector- 4, Kamal Vihar, Near Shree Venkatesh Hospital, KORBA : Shop No - 301, 302, 303 SS Plaza Power House Road , DELHI : Flate No.-217, Ground Floor, Dg-3 (Paryavaran Apartments), Vikaspuri, HARIDWAR : Nagaldham Ke Samne Bhupatwala Haridwar, HARYANA: 65 Improvement Trust Market Bhiwani Haryana Near Hansi gate Bhiwani

संपर्क करें :- 9165-411411 - 7247-411411 Online Booking : www.tripuryatra.com